कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बस्तर, जगदलपुर

Office- Near Hatha Ground, Jagdalpur, Bastar eMail- deo.jdp@gmail.com

/ /आदेश/ /

क्र./10684/शिकायत/निलं./2025 जगदलपुर, दिनांक 19.09.2025

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जगदलपुर के पत्र कमांक/आ.वि./शिक्षा–2/4249 जगदलपुर दिनांक 18.09.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 18.09.2025 को कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा बालक आश्रम गोंदियापाल, विकासखण्ड बस्तर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि श्री सुकरू राम बघेल, प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम गोंदियापाल विकासखण्ड बस्तर के द्वारा आश्रम संचालन में घोर लापरवाही बरती जा रही है। आश्रम में निवासरत छात्रों के द्वारा कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया कि अधीक्षक श्री सुकरू राम बघेल के द्वारा उनके साथ मारपीट, गाली गलौच एवं अभद्र भाषा का उपयोग कर उन्हें अश्लील विडियो दिखाकर उसका नकल करने हेतु प्रेरित किया जाता है। श्री बघेल का उक्त कृत्य छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (i,ii,iii) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

अतः श्री सुकरू राम बघेल, प्रभारी अधीक्षक (मूलपद–सहायक शिक्षक एल.बी.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर जिला बस्तर होगा तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बस्तर, जगदलपुर

पृ.क्र./10685/शिकायत/निलं./2025 जगदलपुर, दिनांक 19.09.2025

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर जिला बस्तर को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर को सादर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर संभाग जगदलपुर को सादर सूचनार्थ।
4. सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड बस्तर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। आप संबंधित के विरूद्ध आरोप पत्र व उसका विवरण तैयार कर साक्ष्यों की सूची सहित इस कार्यालय को 03 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें।
6. मण्डल संयोजक आदिवासी विकासखण्ड बस्तर को सूचनार्थ।
7. अधीक्षक बालक आश्रम गोंदियापाल विकासखण्ड बस्तर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. श्री सुकरू राम बघेल, प्रभारी अधीक्षक (मूलपद–सहायक शिक्षक एल.बी.) बालक आश्रम गोंदियापाल विकासखण्ड बस्तर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बस्तर, जगदलपुर